तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 21 नवंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 प्रकृति के पुजारी आदिवासियों को जागरूक



12 शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया, आरोपी, जेल दाखिल



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत




**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बहनापानी नरहरपुर जाने वाले मार्ग पर 29 अप्रैल को हुई सड़क दुर्घटना में बाईक चालक की मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 29 अप्रैल को मृतक चारामा थानांतर्गत ग्राम चारभाठा ठाकुरपारा निवासी 44 वर्षीय गणेशराम तारक पिता स्व. मंगला राम तारक मोटर सायकल से नरहरपुर अपने दोस्त के यहां जाने के लिए निकला था। नरहरपुर से बहनापानी के बीच मेन रोड पर कोई अज्ञात वाहन का चालक द्वारा मृतक गणेशराम तारक के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 9515 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गणेश को गंभीर चोट आई है। ईलाज के लिए रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां ईलाज के दौरान उसका 30 अप्रैल को मौत हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर द्वारा सर्प काटने से मृत्यु हो जाने के एक प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। पखांजूर तहसील के ग्राम घोटिया निवासी जगदीश कुमार उसेण्डी की सर्प काटने पर मृत्यु हो जाने से उनके निकटतम परिजन सतारो बाई को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

विडंबना : 23 लाख गबन के आरोप में प्रबंधक सहित पांच फरार, कंप्यूटर आपरेटर गिरफ्तार

# केवटी लैंपस में स्टाफ का टोटा, एक सप्ताह बाद भी है धान खरीदी ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

केवटी में लैंपस के स्टाफ के द्वारा कई किसानों के खाते से रकम डकार दिए जाने के चलते उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हो जाने के चलते केवटी धान खरीदी केंद्र में खरीदी केंद्र के प्रारंभ हो जाने के एक सप्ताह बाद भी व्यवस्था नहीं किया जा सका। सहाकारिता विभाग के आला अफसरों की लापरवाही के कारण ही सात दिन बाद भी खरीदी की व्यवस्था नहीं किया जा सका, जिससे इस समिति से जुड़े किसानों में नाराजगी देखने को मिल रही है, यह नारजगी का प्रभाव आने वाले पंचायत चुनाव में देखने को मिल सकती है। सरकार के द्वारा किसानों से 14 नवंबर से धान खरीदी करना शुरू कर दिया है, परंतु कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड के केवटी धान खरीदी केंद्र में 20 नवंबर तक की खरीदी शुरू नहीं हो पाई। किसानों से वादा किया गया था कि 20 नवंबर से धान खरीदी की जाएगी, परंतु इस दिन किसान खरीदी केंद्र पहुँचे, परंतु स्टाप की पदस्थापना नहीं किए जाने और खरीदी केंद्र में जो व्यवस्था होनी चाहिए, उन व्यवस्थाओं के नहीं होने के कारण खरीदी की ▶▶ शेष पेज 10 पर

### खास बातें

- फिर भी अधिकारियों ने स्टाफ की नियुक्ति नहीं की, किसान हो रहे परेशान
- सहकारिता विभाग के अधिकारियों की लापरवाही उजागर, अधिकारी नहीं है गंभीर



### किसानों ने यह रखीं मांगे

केवटी धान खरीदी केंद्र में 20 नवंबर से धान खरीदी का कार्य चालू होना था, परंतु वहां धान खरीदी संबंधित किसी भी प्रकार का व्यवस्था संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया गया था, जिससे किसान काफी नाराज होते हुए हंगामा किया और आंदोलन करने की चेतावनी दिया। किसानों की मांग है इस स्थान पर फेंसिंग किया जाए क्योंकि वहां बाउंड्री वॉल भी नहीं है साथ में तिरपाल, उपकरण, भूसे की भी व्यवस्था की जाए और जल्द से जल्द कर्मचारियों की भी नियुक्ति हो जिससे धान खरीदी कार्य का शुरुआत हो सके।

### सहकारिता विभाग भगवान भरोसे

कांकेर जिला का सहकारिता विभाग भगवान भरोसे चल रहा है। धान खरीदी के समय जिला अधिकारी का पद रिक्त पड़ा हुआ है और पखांजुर में विवादास्पद रहे अंकेक्षण अधिकारी आत्माराम नेताम को सहकारिता विभाग का प्रभारी बना दिया गया है। कॉल किया जाता है, तो कॉल रिसीव करते है, परंतु उनको साफ साफ सुनाई नहीं देता है, यहीं से उनकी स्थिति को भांपा जा सकता है। ऐसे में कांकेर जिले की धान खरीदी की व्यवस्था का बिगड़ना तय माना जा सकता है।

### किसानों के हंगामे के बाद हुई बैठक

केवटी खरीदी केंद्र में पहुँचे किसानों के काफी हंगामा के बाद एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला निरीक्षक रामेश्वर मरकाम, टीकम टांडिया की उपस्थिति में हुई और यह निर्णय लिया गया कि 25 नवंबर तक खरीदी केंद्र में फेंसिंग, भूसा, ताल पत्री और कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी जाएगी, जिसमे किसानों ने भी अपने तरफ से पूरा सहयोग देने की बात कही और ऑपरेटर और संचालक की नियुक्ति स्वयं करने के लिए राजी हुए।

### आरोपियों की पतासाजी जारी



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केवटी के प्रभारी प्रबंधक मनोहर महावीर, कम्पयूटर आपरेटर अनिल टांडिया, ओमप्रकाश जाड़े, वीरेन्द्र टांडिया, भोजराज जैन एवं पवन कुमार के द्वारा क्षेत्र के लगभग 68 किसानों के खाते से लगभग 23 लाख से ज्यादा राशि का गबन कर लिया था और इनके खिलाफ भानुप्रतापपुर थाना में अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी शुरू किया गया, परंतु समिति के प्रभारी प्रबंधक सहित पाँच आरोपी फरार है, वहीं एक आरोपी कंप्यूटर आपरेट अनिल टांडिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। अन्य आरोपी फरार है, पुलिस उनकी पतासाजी करने में जुटी हुई है।

# विधायक ने साफ-सफाई को लेकर अस्पताल प्रबंधन को फटकारा

जीवन दीप समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

जीवन दीप समिति की बैठक जनपद सभाकक्ष में विधायक सावित्री मंडावी की अध्यक्षता में हुई। विधायक की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचने वाले मरीजों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और मरीजों से मिलकर उनका हालचाल पूछा। सफाई की शिकायत मिलने पर प्रबंधन को फटकार लगाई और जमकर नाराजगी व्यक्त किया। विधायक के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी कुछ ज्यादा ही नजर आई। शौचालय में गंदगी और बदबू देखकर विधायक नाराजगी जताई और जिम्मेदारों को फटकार भी लगाई। निरीक्षण के बाद जीवन दीप समिति की बैठक में विधायक पहुंची और समिति के एजेंडा पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। विधायक ने बैठक के दौरान कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल में साफ सफाई नहीं है। शौचालय में भी गंदगी है, वार्ड की साफ नहीं है। इस तरह गंदगी नहीं होनी चाहिए। नियमित साफ सफाई हो। सामुदायिक स्वास्थ्य ▶▶ शेष पेज 10 पर

# शिक्षा गुणवत्ता के लिए जिले के 2443 स्कूलों में हुई परख परीक्षा

**कांकेर।** शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनेक प्रकार से प्रयास किया जा रहा है। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर कक्षा 5 वीं के छात्रों एवं कक्षा 8 वीं के छात्रों को जहां जेएनवी, प्रयास, एनएमएमएससी छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है, वहीं जिले के समस्त विद्यालयों में प्रत्येक तीन वर्षों में आयोजित होने वाले नेशनल अचिवमेंट सर्वे की



तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर द्वारा परख परीक्षा के साथ-साथ सभी विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार के प्रयास करने के निर्देश दिए गए है, जिसके परिपालन में जिले के समस्त विद्यालयों में कक्षा तीसरी, 6 वीं एवं 9वीं की परीक्षा जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में आयोजित किया गया। परख परीक्षा में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक शनिवार को ▶▶ शेष पेज 10 पर

# कोदापाखा में धान खरीदी का शुभारंभ

**दुर्गूकोंदल।** धान खरीदी केंद्र कोदापाखा में शासन के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। 18 नवंबर पर से खरीदी शुरू हो गई है। धान खरीदी का शुभारंभ जनपद सदस्य देवलाल नरेटी, गायता पतिराम नरेटी सहित क्षेत्र के किसानों की उपस्थिति में धान खरीदी शुरू की गई। शुभारंभ अवसर पर 156 क्विंटल खरीदी हुई। खरीदी प्रभारी मानकी कड़ियाम ने बताया कि अब तक कुल 538 क्विंटल खरीदी हुई है। खरीदी शुभारंभ के अवसर पर लैंपस प्रबंधक राकेश्वरी पुजारी, ▶▶ शेष पेज 10 पर





## खबर संक्षेप

### किवई- बालेंगा में धान खरीदी का शुभारंभ

**कोण्डागांव।** विकासखंड के किवई–बालेंगा में धान खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ क्षेत्रीय किसानों और संबंधित अधिकारियों के सहयोग से किया गया। इस वर्ष, किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाओं के तहत यह अभियान विशेष रूप से सफल होने की उम्मीद है। धान खरीदी कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ कृषि अधिकारी और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। अधिकारियों ने किसानों को उनकी फसल के उचित मूल्य की गारंटी देने और सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य एमपीएस का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रथम दिन खरीदी में पिलचंद से 36, सवली से 36, लोक चंद से 36.60 और पार्वती से 20.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस मौके पर लैंप्स प्रबंधक मोहन लाल बघेल, खरीदी प्रभारी बिहारी लाल सेठिया, ऑपरेटर महेश सेठिया, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती नेताम, तौल कर्ता कुबेर नाग उप सरपंच गोकुल सेठिया सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे। इस अवसर पर किसानों को बताया गया कि फसल खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी उपाय किए गए हैं। साथ ही, उन्हें फसल भंडारण, गुणवत्ता जांच और सरकारी योजनाओं के तहत उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। किवई–बालेंगा के इस अभियान का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना और उन्हें कृषि में उन्नत तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रेरित बताया गया है।

### समिति के अध्यक्ष बनमाली चला रहे थे मोनोपली, तब लाना पड़ा अविश्वास प्रस्ताव




**जगदलपुर।** नगरनार स्टील प्लांट में काम कर रही जय झाड़ेश्वर परिवहन समिति के अध्यक्ष बनमाली नाग के खिलाफ 16 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया और सर्वसम्मति से रैनू बघेल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि पहले अध्यक्ष बनमाली नाग द्वारा मोनोपली चलायी जा रही थी, इसके कारण अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। अब प्रभावित क्षेत्र के नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा, इसके बाद फिर विधिवत समिति के पदाधिकारियों के लिए चुनाव होगा। उक्त बातें समिति के सदस्य सियाराम नाग ने पत्रकार भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कही। श्री नाग ने कहा कि एनएमडीसी द्वारा निमार्णाधीन स्टील प्लांट में परिवहन का काम करने के लिए 29 मार्च 2012 को जय झाड़ेश्वर ट्रेक्टर-ट्राला समिति का गठन किया गया था, तब से लेकर अब तक 21 सदस्य ही हैं, हालांकि समिति के 2 सदस्य की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब चूंकि स्टील प्लांट में उत्पादन शुरू होने के बाद से परिवहन का व्यवसाय बढ़ चुका है, ऐसे में परिवहन के काम को विस्तार देने नए सदस्यों को भी जोड़ा जाना आवश्यक है। समिति के सदस्यों ने कहा कि पिछले कुछ समय से अध्यक्ष रहे बनमाली नाग द्वारा मोनोपली चलाई जा रही थी, जिसके कारण अन्य सदस्यों में नाराजगी थी और अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। इस दौरान रामेश्वर बिसाई, खगेश्वर पुजारी आदि शामिल रहे।

# बद्रीनाथ बघेल जिला अस्पताल नारायणपुर को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक प्रमाणपत्र

## नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर द्वारा दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर स्व. बद्रीनाथ बघेल जिला अस्पताल को क्वालिटी सर्टिफिकेट के लिए चयनित किया गया। इसके साथ ही जिला अस्पताल को लक्ष्य एवं मुस्कान कार्यक्रम के लिए भी क्वालिटी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। विगत अगस्त माह में 22 से 24 अगस्त तक स्व. बद्रीनाथ बघेल जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता के परीक्षण के बाद राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। सीएमएचओ डॉ. टीआर कुंवर ने गुणवत्ता आश्वासन के मानकों पर खरा उत्तरने के लिए जिला अस्पताल को बधाई दी है।

जिला चिकित्सालय को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र, प्रसूति सुविधाओं के लिए लक्ष्य प्रमाण-पत्र तथा नवजात एवं बाल रोग देखभाल के लिए मुस्कान प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. विनोद भोयर के मार् दर्शन में जिला अस्पताल परिवार के सभी अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से इस उपलब्धि को हासिल किया गया है।



### विभिन्न मानकों का किया गया परीक्षण

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विगत माह भारत सरकार विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल सेवाओं ओर संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया गया। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्सन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन जैसे पैरामीटर शामिल है। इन मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को केन्द्रीय मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं।

## आयोजन : जिले के ब्लाकों में सैन्य प्रशिक्षणरत युवक- युवतियों ने लिया भाग

# झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से अधिकारों के लिए लड़ने और देश के प्रति निष्ठा बनाए रखने की युवा लें प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर प्रेरणादायक कार्यक्रम

रानी लक्ष्मीबाई की 189वीं जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव ने जिले के विभिन्न ब्लॉकों में भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए। इस आयोजन में परिषद द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षु युवक–युवतियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह आयोजन कोंडागांव ब्लॉक के साथ–साथ फरसगांव, बड़ेराजपुर और केशकाल ब्लॉक में भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रानी लक्ष्मीबाई के जीवन और उनके अदम्य साहस की कहानी से प्रेरित करना था। परिषद ने यह सुनिश्चित किया कि प्रशिक्षण केंद्रों में भाग लेने वाले युवक–युवतियां न केवल सैन्य कौशल में निपुण हो, बल्कि इतिहास से सीख लेकर अपने जीवन में देशभक्ति और साहस को शामिल करें। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा, झांसी की रानी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वह नायिका थीं। जिन्होंने नारी शक्ति और आत्मनिर्भरता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके संघर्ष से हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ने और देश के प्रति निष्ठा बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। जिलाध्यक्ष सुरज यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाने का उद्देश्य युवाओं को यह याद दिलाना है कि वे अपने कर्तव्यों और देश सेवा के प्रति समर्पित रहें। यह आयोजन एक प्रेरणा है कि हम सब उनकी वीरता को अपने जीवन में उतारें।



### देशभक्ति के नारे गूंजे

अतिथियों सहित अन्य ने युवाओं को रानी लक्ष्मीबाई की वीरगाथा सुनाई गई, जिसमें उनके अदम्य साहस और अंग्रेजों के खिलाफ उनके संघर्ष की गाथाएं शामिल थीं। इस दौरान रानी लक्ष्मीबाई अमर रहे के नारे लगाए गए। जिसने माहौल को देशभक्ति के भाव से भर दिया।

### पहल की हुई सराहना

यह कार्यक्रम न केवल ऐतिहासिक परंपराओं और वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती का सम्मान करने का एक माध्यम था, बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण और सेवा के प्रति प्रेरित करने का एक सशक्त प्रयास भी था। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित यह पहल जिले में एक महत्वपूर्ण संदेश देने में सफल रही।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में परिषद के वरिष्ठ सदस्य और प्रशिक्षु युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, सेवारत सैनिक धमेंर्द्र सेठिया, केशकाल ब्लॉक अध्यक्ष आसमन मंडावी, बड़ेराजपुर ब्लॉक उपाध्यक्ष रुपउराम मरकाम और सचिव संतोष मरकाम ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 500 से अधिक युवक–युवतियों ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने देश के प्रति समर्पण की शपथ ली।

# मुख्यमंत्री साय ने की बेल मेटल से बने राम मंदिर की कलाकृति की सराहना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- जिलों की उपलब्धियों और नवाचार पर आधारित स्टॉल में देखा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक सोमवार को बस्तर जिले के चित्रकोट में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर बस्तर संभाग के सभी जिलों की उपलब्धियों और नवाचार पर आधारित स्टॉल लगाई गई थी। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान जिला पंचायत कोण्डागांव के अंतर्गत विकासखण्ड बड़ेराजपुर से दन्तेश्वरी गोदावरी स्व–सहायता समूह के द्वारा स्टॉल लगाकर 5 प्रकार का आचार निर्माण कर प्रदर्शित किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड माकड़ी से किरण स्व–सहायता समूह से बड़ी, आधार, उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड कोण्डागांव से उत्पादक सामाग्री का भी स्टॉल लगाया गया। शबरी एम्पोरियम से बेल मेटल की सामग्री प्रर्दशित की गई। सी–मार्ट कोण्डागांव के द्वारा बेल मेटल से बने राम मंदिर, राम दरबार स्टॉल पर लगाया गया। स्टॉल का भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा नेशनल अवार्ड प्राप्त शिल्पकार राजेन्द्र बघेल के द्वारा आयोध्या के तर्ज पर बेल मेटल से बनाई गई राम मंदिर की तारीफ करते हुए बस्तर की कलाकृति की सराहना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के विनय सिंह, जिला मिशन प्रबंधक, उड़ान कम्पनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने महापौर के कार्यों की जांच की मांग को लेकर एसपी को सौंपा मांगपत्र

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय सहित समस्त कांग्रेस पार्षदों द्वारा महापौर सफिरा साहू द्वारा अपने निधि का दुरुपयोग व लगातार किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच मांग को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। मौर्य ने कहा कि महापौर द्वारा दूसरी बार खुली भ्रष्टाचार की फाइलें व लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसको लेकर पूर्व में भी पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर इसकी शिकायत की गई थी। महापौर द्वारा बढ़ते जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर आज भी उचित जांच मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। महापौर सिर्फ जनता को छल कर जनता का पैसा लूटने का कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक कार्यवाही के लिए आश्वासन दिया है। कार्यवाही नही होने पर है कांग्रेस पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य रहेगी। इस दौरान एम वैंकट राव, पार्षद सूर्या पानी, ललिता राव, सुषमा सुता, आभास महंती, दयाराम नाग, शुभम यदु,महामंत्री महेश द्विवेदी, अनुराग महतो, सहदेव नाग, संकल्प दुबे, सायमा अशरफ समेत अन्य मौजूद रहे।



### निगम में भ्रष्टाचार की कलई खुल चुकी

उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने बताया कि नगर निगम में हो रहे भ्रष्टाचार के नए अध्याय की कलई खुल चुकी है। हमने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया है कि अंबेडकर वार्ड में सीसी रोड का कार्य कही भी नहीं हुआ है और उसका कार्य पूर्ण बताया जा रहा है कुल मिलाकर इसका पैसा आहरण कर लिया गया है इस सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार लोक निर्माण विभाग के सभापति व महापौर द्वारा किया गया है।

## झीरम घाट में ट्रक ने मारी टक्कर, बाइक सवार गंभीर

**जगदलपुर।** दरभा थाना क्षेत्र के झीरम घाट में तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने तेजरफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक युवक को गंभीर चोट आई है जिसका दरभा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए घायलों को मेकाज रेफर किया गया जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक सुकमा जिले के पुसपाल निवासी बलराम नाग अपने बाइक क्रमांक सीजी 17 केबी 0289 से अपने घर जा रहा था तभी एनएच 30 मेनरोड झीरम घाट के एस मोड़ पर पीछे से आ रही ट्रक क्रमांक टीएन 29 बीएस 6188 के चालक द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बलराम नाग का दाहिना पैर घुटने के नीचे से बुरी तरह कुचल गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे तत्काल दरभा अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टर ने बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां उसका उपचार जारी है। प्रार्थी के भाई की रिपोर्ट पर दरभा थाने में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## एकलव्य विद्यालय में 6वीं में प्रवेश 10 दिसंबर तक

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कांकेर, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल एवं कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नरहरपुर में छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा चयन परीक्षा में शामिल होने के 10 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। भरे गए ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 11 से 19 दिसम्बर है तथा प्रवेश चयन परीक्षा 19 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 01 अप्रैल 2025 को 10 से 13 वर्ष के मध्य होना चाहिए। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयु सीमा में अधिकतम दो वर्ष की छूट रहेगी। प्रवेश के समय कक्षा 5 वीं उत्तीर्ण हो, छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा घोषित जनजातीय वर्ग, समुदाय का सदस्य हो तथा विद्यार्थी को किसी अन्य विद्यालय से निष्कासित न किया गया हो। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश चयन परीक्षा के लिए पात्रता रखने वाले इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन भरने एवं सहयोग के लिए जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों एवं जनपद पंचायत कार्यालय में मण्डल संयोजक से संपर्क किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को मिला नया मंच : उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का आज मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी की उपस्थिति में स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 20 से 24 नवम्बर तक विभिन्न खेलों में अपने कौशल दिखाएंगे। जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक की शुरुआत कोंडागांव और माकड़ी विकासखंड के बीच रस्साकस्सी के प्रदर्शन मैच से हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुश्री लता उसेंडी ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि सुश्री उसेंडी ने कहा कि आप सभी ने विकासखंड स्तर पर अपना परचम लहराकर अपनी प्रतिभा के बदौलत आज जिला स्तर पर खेलने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में अधोसरंचना और सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इन सुविधाओं का लाभ लेते हुए सभी खिलाड़ी आगे बढ़े और जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर प्राधिकरण की बैठक हुई। जिसमें युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने, युवाओं को विभिन्न क्षेत्रें में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने सहित बस्तर क्षेत्र के हितों पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक से क्षेत्र के युवाओं में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। खेलेगा बस्तर–बढ़ेगा बस्तर की थीम पर आयोजित जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में आज जिला स्तर पर लगभग 2 हजार खिलाड़ी भाग लेंगे और पांच दिवस तक विभिन्न खेल आयोजित होंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से कहा कि वे खेल भावना के साथ खेलते हुए अपने जिले का नाम रोशन करें। जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के पहले दिन आज महिला सीनियर में 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने रस्साकसी, एथलेटिक्स, कराते, खो–खो, व्हॉलीवाल, कबड्डी एवं बैडमिंटन अपने जौहर दिखाए। आज के प्रथम तीन विजेताओं को व्यक्तिगत खेल में प्रथम 2000 रुपए, द्वितीय 1500, तृतीय 1000 रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा। दलीय खेल में प्रथम 4000 रुपए, द्वितीय 3000 रुपए एवं तृतीय 2000 रुपए नकद प्रदाय किया गया। इसके साथ ही मेडल एवं प्रमाणपत्र व भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी और जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## विकासखंड केशकाल के सिकागांव में कार्यक्रम का आयोजन

# सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य व बाल संरक्षण कार्यक्रम से रूबरू हुई यूनीसेफ व जापान की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- किशोरियों के लिए बनाए जाने वाले पोषण पखवाड़े का किया प्रदर्शन

जिला प्रशासन और यूनिसेफ के संयोजन में जिले में सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य और बाल संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अवलोकन के लिए गत दिवस सोनी कंपनी जापान से सुश्री युका एंडा, यूइचिरो यामादा, सुश्री मिका मोरीनो, सुश्री चिहिरो शिमिजु, सुश्री युका मारुको, सुश्री दीपिका नानैया, युसुके मोरी, सुश्री माने आइडा, सुश्री मदोका ओत्सुका और सुश्री राधिका, यूनिसेफ दिल्ली के वरिष्ठ प्रतिनिधि सुश्री राधिका श्रीवास्तव, राघव अरोरा, ज्योति रविचंद्रन, डॉ. सैयद हबी अली, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ प्रतिनिधि डॉ. गजेन्द्र सिंह, सुश्री चेतना देसाई, रितेश कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम विकासखंड केशकाल के सिकागांव में आयोजित किया गया। पंच प्रतिनिधि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्व सहायता समूह की महिलाएं और स्वयंसेवकों ने आगंतुकों का मांदरी नाचा एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। प्राथमिक शाला सिकागाँव में शिक्षकों के साथ पंथक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिसमें शिक्षिका श्रीमती जयन्ती ठाकुर एवं यशवंत साहू ने सामाजिक भावनात्मक कौशल के महत्व को बताया। बच्चों ने डर और तनाव को खत्म करने के लिए लाल गुब्बारा व सांप सीढ़ी की गतिविधि भी की। साथ ही आईईसी मटेरियल का प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं किशोरियों के लिए बनाये जाने वाले पोषण पखवाड़ा का प्रदर्शन किया गया। जिसमें पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य के संबंध पर चर्चा हुई। समुदाय में सभी लोगों को पोषण युक्त भोजन को अपने आहार में शामिल करने की सलाह दी गई। ग्राम पंचायत में मानसिक स्वास्थ्य और बाल संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ग्रामीण महिलाओं एवं युवोदय कोण्डानार चौंप्स के वॉलिंटियर्स द्वारा अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान उड़न छू ताली, शम्मी डांस एवं बस्तर अंचल की क्षेत्रीय गाने पर नृत्य किया गया। सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा रखने के तरीकों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान युवोदय स्वयंसेवकों द्वारा समुदाय में परिवर्तन लाने के लिए किये गये अथक प्रयासों के संग्रहण के रूप में सदय पुस्तिका का विमोचन सभी आगंतुको द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिकागांव के सरपंच जगदीश मरकाम, पंचायत सचिव पन्नालाल सोरी, ब्लाक शिक्षा अधिकारी चेतन लाल मंडावी, बीआरसीसी प्रकाश साहू, संकुल समन्वयक सुजीत मरकाम, संकुल प्राचार्य नरेन्द्र कुमार पचभिये, ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी एनआरएलएम हरीश मंडावी, महिला एवं बाल विकास विभाग के विकासखण्ड केशकाल के बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर दीपेश बघेल एवं श्रीमती कमितला मंडावी, स्वास्थ्य विभाग से विकासखण्ड कार्यक्रम अधिकारी उमेश मरकाम साथ ही छत्तीसगढ़ एग्रिकॉन समिती के सचिव मानस बेनर्जी, राज्य समन्वयक दानिश के हुसैन जिला समन्वयक अशोक पांडेय, देवश्री वर्मा, युवोदय ब्लॉक समन्वयक, मितानिन और युवोदय के स्वयंसेवक सहित लगभग 400 ग्रामीण शामिल हुए।




### 30 वालंटियर्स के साथ विजिट

इसके साथ ही कलेक्टर परिसर में कलेक्टर कुणाल दुद्दावत के उपस्थिति में युवोदय कोंडानार चौंप्स के प्रत्येक विकासखण्ड के कुल 30 वालंटियर्स के साथ विजिट में आये आगंतुकों ने उनके कार्य अनुभवों एवं समुदाय में जुड़ने के दौरान आने वाले चुनौतियों साथ ही वालंटियर बनने से होने वाले फायदों के बारे चर्चा की। सोनी कम्पनी जापान एवं यूनिसेफ टीम दिल्ली द्वारा युवोदय के सभी सवयंसेवकों द्वारा समुदाय के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की गयी। भविष्य में भी ऐसे ही समुदाय की मदद के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया गया।

## पेज 9 के शेष

### केवटी लैंपस में...

शुरूआत नहीं हो पाई। केवटी पहुँचे जिला निरीक्षक रामेश्वर मरकाम पर किसान जमकर भड़के। किसानों का कहना था कि किसानों को20 से धान खरीदी करने का वादा किया गया था, परंतु वादा पूरी तरह से कोरा साबित हुआ, जिससे खरीदी केंद्र में पहुँचे किसान आक्रोशित हो गए और जिम्मेदारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया। नाराज किसानों ने कहा कि खरीदी की जल्द व्यवस्था किया जाएं, अन्यथा किसों को आंदोलन की राह अपनानी पड़ सकती है।

### विधायक ने साफ...

केंद्र में गरीब तबके लोग पहुंचते हैं, इसलिए डाक्टर नर्स और स्टाफ अपने व्यवहार में सुधार लाए, ताकि आपके व्यवहार और इलाज दोनों का मरीजों के सेहत पर प्रभाव पड़े। विधायक ने डाक्टरों को अस्पताल में समय देने की नसीहत दी है। आयोजित बैठक में एसडीएम भानुप्रतापपुर आस्था राजपूत, सीईओ सुरेन्द्र बंजारे, बीएमओ डॉ. मनोज किशोरे, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी रिगबत्ती वट्टी सहित समिति के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

### शिक्षा गुणवत्ता के...

पीएलसी विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार प्रश्नों का संग्रह को प्रेषित कर ओएमआर शीट के माध्यम से नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इस परीक्षा से जहां बच्चे ओएमआर शीट में अभ्यस्त हो रहे हैं वहीं प्रश्नों के पैटर्न को भी समझ रहे हैं। अब तक जिले के सभी 2443 विद्यालयों में परख परीक्षा के लिए अभ्यास कराया गया है। इन शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों में भी परख परीक्षा आयोजित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### कोदापाखा में धान...

किसान जगतराम दुग्गा, भगवानी सिन्हा, जयलाल ध्रुव, रामनारायण सिन्हा, धरमू पिद्दा सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### हितग्राहियों से केक कटवा कर मनाया गया शौचालय दिवस



**बीजापुर।** विश्व शौचालय दिवस जिले में धूमधाम से मनाया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक जिले में हमारा शौचालय, हमारा सम्मान थीम पर समस्त ग्राम पंचायतों तथा स्कूल आंगनबाड़ी केंद्रों, आश्रम शालाओं में शौचालय के रख रखाव एवं उपयोग के लिए ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जाएगा। 19 नवम्बर को जिला पंचायत सभाकक्ष में हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान की शुभारंभ पर हितग्राहियों से केक कटवा कर विश्व शौचालय दिवस मनाया गया।

### ऑर्गैनिक कान्क्लैव का होगा आयोजन

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार द्वारा संचालित वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 110 ग्रामों के जैविक प्रमाणित होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के द्वारा ऑर्गैनिक दन्तेवाड़ा कॉन्क्लेव का आयोजन 7 से 8 दिसंबर को जावंगा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। जिले में 65279 हेक्टयर भूमि जैविक प्रमाणित की गई है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को एक महोत्सव के रूप में मनाने का उद्देश्य यह भी है कि जिले के जैविक कृषकों के परिश्रम का सम्मान तो होगा ही साथ ही संभावित बाजार सहभागिता के साथ सहयोग को बढ़ावा एवं पड़ोसी जिलों में जैविक खेती के विस्तृत प्रसार को प्रोत्साहन देना है।

### साय सरकार विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध : गोयल

# साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

बुधवार को क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल छिन्दवाड़ा हाई स्कूल मैदान में सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूली बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक विनायक गोयल ने किया।

साइकिल प्राप्त कर बालिकाओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह की एक नई चमक देखी गई। यह योजना बालिकाओं को शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करने तथा उन्हें सुरक्षित परिवहन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।





सभी ने इस योजना के तहत बालिकाओं को मिलने वाली सुविधा को सराहा और भविष्य में शिक्षा में और अधिक सुधार की आशा व्यक्त की। क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने स्कूली विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कहा की विष्णु देव साय सरकार विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाओं में बढ़ोतरी करने प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं की खुशी और उमंग देखने लायक थी और यह कार्यक्रम समाज में महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इसके साथ ही उन छात्र-छात्राओं के परिजनों को चेक वितरित की गई, जो विभिन्न बीमारियों और हादसों में अपना प्राण गंवा दिए। कार्यक्रम के दौरान छिंदावाड़ा हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य एवं छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूल के लिए बाउंड्रीबाल की मांग की।

इस कार्यक्रम में चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल, जनपद अध्यक्ष ए. जानकी राव, जनपद उपाध्यक्ष अनंत कश्यप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, भाजपा जिला मंत्री बाबुल नाग, मंडल अध्यक्ष फूलसिंग सेठिया, मंडल महामंत्री पीडी हरीश, हरिप्रसाद कश्यप, देवीप्रसाद वेन्जम, महादेव नाग, युवा मोर्चा अध्यक्ष दुर्जन कश्यप, मुन्नू सिंह, दिनेश पांडे, सरपंच संघ अध्यक्ष महादेव कवासी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी केशरी लाल फाफा, बीईओ जगदीश पात्र, बीआरसी समलू राम कश्यप, शेख तौफीक, बुधराम कश्यप, तुलादास मानिकपुरी, कार्यक्रम को संचालक राजेश गुप्ता ने किया एवं हरिराम वेदव्यास, पीलू कश्यप, नकुल ठाकुर, जलन ठाकुर, नारायण कुरानी, श्रीमती मानकदई, सुखराम कश्यप, असीम विश्वास, नगेंदर कर्मा, श्रीमती स्वेता कुमारी ठाकुर, प्राचार्य गण, अध्यापक गण, अध्यापिका गण, ग्रामीण जन और स्कूली बच्चे भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से विकास कार्य को स्वीकृति कराने जिला अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

मंगलवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में पुष्प गुच्छ देकर भेंट मुलाक़ात कर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने सुकमा के जन समस्या से अवगत कराया।

जिसमें केरलापाल से पोंगाभेजी मार्ग पर सड़क पुलिया निर्माण, फुलबगड़ी दामापारा मार्ग पर सड़क पुलिया निर्माण, बोरगुडा से पटेलपारा मार्ग पर पुलिया निर्माण, भेलवपाल से उड़ीसा पहुंच मार्ग पर सड़क निर्माण, दामापारा से निलावरम मार्ग पर सड़क निर्माण एवं सुकमा पुसामीपारा में वन पट्टा के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी कार्य को स्वीकृति करने की आश्वासन दिया है। साथ में मौजूद रहे दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, सुकमा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डमरू नाग, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सोढ़ी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष आयता माड़वी, सरपंच जोगा बारसे, पवन नाग, पूर्व पार्षद हुंगाराम मरकाम मौजूद रहे।



## हम जब खेल खेलेंगे तो हमारा शरीर तंदुरुस्त रहेगाः सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप राज्य शासन द्वारा बस्तर जिले के अंदरूनी इलाकों के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 के रूप में एक अवसर, एक मंच दिया जा रहा है, जिसमें स्थानीय खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा को बेहतर करते हुए बड़े अवसर की ओर बढ़ सकते हैं। इस क्रम में मुख्यालय के हाई स्कूल मैदान में आज जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2024 का आगाज हुआ। जिसके तहत खेल मैदान में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के द्वारा दंतेवाड़ा, कुआकोंडा, कटेकल्याण, गीदम विकासखण्डों के खिलाड़ियों के 100 मीटर दौड़ का प्रारंभ उडन क्लिप बजाकर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल सिक्के के दो पहलू है। हम जब खेल खेलेंगे तो हमारा शरीर तंदुरुस्त रहेगा, जिससे पढ़ाई में भी मन लगा रहेगा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में अनुशासन का बहुत ही महत्व है। खेलों से ही अनुशासन सीखने को मिलता है। इसके अलावा उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय पर अच्छा प्रदर्शन करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस क्रम में जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम ने कहा कि आप सभी अपनी खेल प्रतिभा को उत्कृष्ट करने हेतु प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहें है। इन खेलों में आप सभी को अपना बेहतर प्रदर्शन करना है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस खेल आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता जरूर मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सम्पूर्ण खेल आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल खिलाड़ी एवं शैक्षिक प्रशासन को अवगत कराएं ताकि उसका तुरंत निदान किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने बस्तर ओलंपिक के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुस्ती जैसे खेलों में हरियाणा पंजाब एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं केरल राज्य से एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय खेलों में देश का नाम रौशन किया है क्योंकि इन राज्यों की आबो हवा इन्हीं खेलों के अनुरूप है।



## मुख्य न्यायाधिपति ने नव निर्मित आवास का किया वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर/दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा दंतेवाड़ा जिले के पोर्टपोलियो जज अरविंद कुमार वर्मा की उपस्थिति में न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु नवनिर्मित आवासीय परिसर जीएडी कॉलोनी बीजापुर का वर्चुअल लोकार्पण किया गया।

उक्त लोकार्पण मुख्य न्यायाधिपति द्वारा वर्चुअल मोड़ से किया गया। आवासीय परिसर में न्यायिक अधिकारी हेतु एक आवास सहित कर्मचारियों हेतु कुल 23 आवास का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता द्वारा किया गया इसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब न्यायिक अधिकारी और कर्मचारीगण को बेहतर आवास सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है और उनका यह दायित्व है कि वे अपने शासकीय आवास को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखे। उन्होनें न्यायिक अधिकारी और कर्मचारीगण को नये आवास की सुविधा उपलब्ध होने पर बधाई दी। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन ताजुद्दीन आसिफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर द्वारा दिया गया। उन्होनें अपने धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि मुख्य न्यायाधिपति की दूरदर्शी सोच और प्रयास के फलस्वरूप बीजापुर जैसे सुदूर नक्सल प्रभावित जिले में न्यायिक अधिकारी और कर्मचारीगण को सर्व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध होने जा रहा है इसके लिए उन्होनें मुख्य न्यायाधिपति का आभार व्यक्त किया। लोकार्पण समारोह में संबित मिश्रा कलेक्टर बीजापुर, डॉ. जितेन्द्र यादव पुलिस अधीक्षक बीजापुर, संदीप बलगा उपनिदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व, उत्तम पंचारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, बीएल, ध्रुव कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, तुलसी लेकाम डीएसपी, मुख्यालय के अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़यिम, श्रीनिवास मुदलियार, जी वेंक्टेश्वर राव उपस्थित थे।

कार्यक्रम स्थल पर अधिवक्तागण और बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन धीरेन्द्र प्रताप सिंह डांगी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा द्वारा किया गया। इस लोकार्पण रामारोह के साथ-साथ जिला न्यायालय दंतेवाड़ा में उप डाक घर का भी शुभारंभ किया गया।



## एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में एआईसीटीई अटल कार्यशाला



**गीदम।** एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल ) अकादमी एक ऐसी पहल है जो इस वर्ष उन्नत सामग्री, आईओटी, एमएल, एआई, रोबोटिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा आदि जैसे उभरते महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संकाय ज्ञान प्रदान करने, उन्नत करने के लिए विभिन्न शिक्षक विकास कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यशाला का द्वितीय दिवस में उच्च एन्ट्रॉपी मिश्र धातु के लक्षणों एवं वेल्डिंग के विषय पर चर्चा हुई। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में डॉ. अनिल कुमार ने प्रोसेसिंग पर चर्चा की। उन्होंने अपने सत्र में विभिन्न उपायों की चर्चा एवं व्याख्या की। द्वितीय सत्र में डॉ. जागेश्वर वर्मा ने वेल्डिंग प्रक्रिया को बताया। इस सत्र में विभिन्न वेल्डिंग प्रक्रिया को सभी को बताया गया। एफडीपी के समन्वयक ऋतुराज चंद्राकर ने सभी प्रतिभागियों को सत्र के बाद विभिन्न कार्य करने की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों को लेख सारांश रिपोर्ट, प्रयोगशाला सारांश रिपोर्ट और विचार जर्नल रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी। इस कार्यशाला में कुल 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया है जिसमे 27 विभिन्न संस्थाओं के फैकल्टी, तीन रिसर्च स्कॉलर तथा आठ उद्योगों से है। दिवस में लेखों पर चर्चा भी की गई। अंत में प्रयोगशाला सत्र भी हुआ जिसमे सभी प्रतिभागियों ने प्रायोगिक अध्यन किया। यह एफडीपी अगले छह दिनों तक दिनांक 23 तक चलेगी जिसमें विभिन्न आईआईटी, एनआईटी और अन्य प्रसिद्ध संस्थानों के मुख्य वक्ता सत्र लेंगे। संस्था की इस उपलब्धि पर संस्था के मैनेजमेंट ने प्राचार्य तथा सभी स्टाफ को बधाई दी एवं आगे भी उच्च प्रदर्शन जारी रखने को कहा।

## एकल अभियान के खेलकूद में प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एकल अभियान अंचल द्वारा विशाल खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गुमरगुंडा के स्वामी ने किया, जबकि समापन सत्र में विधायक चैतराम अटामी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एकल अभियान छत्तीसगढ़ प्रदेश के जागरण शिक्षा समिति से ललित दानी, बजरंग दल के विभाग संयोजक संतोष साहू, एकल अभियान अंचल दंतेवाड़ा की समिति की सदस्य पार्वती परिहार, विनीता देशमुख, हरिश सोनी, अंकित गुप्ता, राजकुमार देशमुख, नारायण साहू, लुपेंदर वैष्णव, अतुल चौधरी एवं अनीता शौरी भी उपस्थित रहे। इस खेलकूद कार्यक्रम में दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों के कुल 360 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें विभिन्न खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान लगभग 600 दर्शकों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर विधायक चैतराम अटामी ने बच्चों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह युवा खिलाड़ी भविष्य में छत्तीसगढ़ राज्य खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर राज्य का नाम रोशन करेंगे। आगामी माह में इन खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ राज्य खेल प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित किया बल्कि समग्र समुदाय को भी इस प्रकार के आयोजनों के महत्व का अहसास दिलाया।

## बाहरी धान की खरीदी पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारतीय किसान संघ द्वारा धान खरीदी में एकरूपता एवं बाहरी धान की खरीदी पर रोक लगाने की मांग कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी अधिकारी द्वारा चहेते किसानों या बड़े किसानों, चिल्लर व्यापारी, थोक व्यापारी के धान को बिना निरीक्षण किये गोदाम से बोरी पैकिंग कर मंडी में लाकर सीधा थप्पी लगाया जाता है और गांव के किसानों के धान को गाड़ी से नीचे उतार कर खुला जमीन में निरीक्षण किया जाता है। सभी किसानों का इसी प्रकार खुलें में निरीक्षण होना चाहिए तथा बाहरी धान खरीदी नहीं होनी चाहिए। जबकि छोटे किसान धान खरीदी केंद्र में एक-दो दिन से तीन -चार मजदूर लोगों को लेकर खड़े रहना पड़ता है और अलग से तीन -चार लोगों का मजदूरी देना पड़ता है। इस वर्ष इस प्रकार अन्याय होंने पर भारतीय किसान संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान भारतीय किसान संघ ने निगरानी समिति का गठन किया जो सभी धान खरीदी केंद्रों की निगरानी करेगी।

जिला के निगरानी समिति में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष मधुसूदन ठाकुर, सचिव बलिराम लेकाम, उपाध्यक्ष कमलोचन सेठिया, मीडिया प्रभारी शैलेश अटामी, सदस्य रमेश यादव, भदरु लेकाम, भसम ठाकुर, कमल सिंह, गोंडूराम नाग, बुधरू मंडावी, सम्बूनाथ, धुर्वा कुंजाम, राजमन ठाकुर है। इसी प्रकार से तहसील ईकाई गीदम की निगरानी समिति में जैविक प्रमुख लुदरू नाग, बिजली प्रमुख कृष्णा यादव, तहसील अध्यक्ष जयदेव मरकाम, महिला प्रमुख चम्पा अटामी, सदस्य मुन्ना मुरामी, लखमू कश्यप, कमलेश वेक, बलदेव कश्यप, मन्नी राम ऊजी, पांडू राम कड़ियाम, रामपाल जूरी बोसा जूरी, रमेश वट्टी, पवन कर्मा शामिल है।



## केंद्रीय जेल में पहुंचा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ महिला बैरक में जेल समीक्षा दिवस व विधिक साक्षरता शिविर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मनीष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में प्राधिकरण के सचिव सुश्री अंकिता कश्यप द्वारा बुधवार को शहर के केन्द्रीय जेल के महिला बैरक में उपस्थित होकर जेल समीक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें महिला बंदियों एवं उनके परिवार के हालचाल जानकर उनकी समस्या को सुना गया तथा उनके अधिकारों से अवगत कराया गया।

विधिक साक्षरता शिविर में बंदियों को जेल में रहने के दौरान उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। उन्हें निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता के साथ अपील के अधिकार के बारे में जानकारी देते हुए उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक ए. कुजुर, एसएल नायक, जेल प्रशासन के कर्मचारी एवं जेल में निरूद्ध महिला बंदी शामिल रहे।

### शपथ-पत्र

**शपथकर्ता:-** शैलेन्द्र कुमार साहू पिता नारायण राम साहू, उम्र 47 वर्ष, जाति तेली, निवासी ग्राम पटौद तहसील कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

**मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-**

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मैं असम रायफल्स (पांचवी बटालियन) में आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ।
3. यह कि मेरे सेवापुस्तिका में मेरे पुत्र का नाम विवेक साहू अंकित है।
4. यह कि मेरे पुत्र का सत्य व वास्तविक नाम विवेक कुमार साहू है तथा आधार कार्ड तथा अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम विवेक कुमार साहू अंकित है।
5. यह कि मेरे सेवापुस्तिका में मेरे पुत्र का नाम विवेक साहू को सुधारकर विवेक कुमार साहू अंकित किया जावे।
6. यह कि नाम के सत्यापन भविष्य में किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति होती है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वंय की होगी।
7. यह कि उक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मै उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता/करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 07 तक में लिखी गई बाते मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी से सत्य व सही है जिसे मैंने आज दिनांक- 20/11/2024 को स्थान कांकेर में हस्ताक्षर कर सत्यापित की/ किया हूं।

**सत्यापनकर्ता**

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
130+ CENTRES PAN INDIA
HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन ❖ विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया ❖ अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** ईलाज के दौरान रायपुर के जिला अस्पताल में 41 वर्षीय देवेंद्र कुमार मंडावी पिता अर्जुन का 3 अक्टूबर को मौत होने पर थाना मोहदापारा रायपुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कांकेर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिसे ईलाज के लिए रायपुर के डीआर अंबेडकर अस्पताल में भर्ती किया गया था।

### किसान पोर्टल में अब पंजीयन 25 तक

**कांकेर।** एकीकृत किसान पोर्टल में कृषकों का कैरीफारवर्ड पंजीयन तथा पंजीकृत फसल, रकबे की पंजीयन की तिथि 25 नवम्बर तक बढ़ाई गई है। ज्ञात हो कि राजस्व ग्राम वनाधिकार पट्टा, वनग्राम एवं असर्वेक्षित ग्राम के कुछ कृषकों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन पूर्व वर्ष की तुलना में शेष रहने की जानकारी दी गई है, जिसके परिपेक्ष्य में एक सप्ताह का अतिरिक्त समय देने तथा इसी प्रकार संस्थागत, रेगहा, बटाईदार, लीज और डूबान क्षेत्र के कृषकों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन शेष रहने पर अतिरिक्त समय देने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गई है।

### हाटकोंदल में स्वच्छता अभियान को ठेंगा, जगह-जगह कचरे का ढेर

**कांकेर।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत हाटकोंदल स्कूलपारा मुहल्ले की सड़क पर सफाई के अभाव में कचरे का ढेर से लोग परेशान हो गए है और जिम्मेदारों को कोसा जा रहा है। मुहल्लेवासी कह रहे कि जिम्मेदार स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ा रहे है। हाटकोंदल के ग्रामीण चंद्रशेखर, विश्राम, वीरू, अवधेश और राकेश ने बताया कि अंदरूनी सड़क किनारे कूड़े कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिसके कारण गंदगी को लेकर मुहल्लेवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे गंदगी का इस कदर साम्राज्य फैला रहता है कि लोग किसी तरह नाक पर कपड़ा रखकर निकलने को मजबूर होते है। इस मार्ग पर जगह जगह फैली गंदगी के दुर्गंध से मुहल्लेवासी बेहद परेशान है वहीं सड़क के दूसरे किनारे जमा पानी में कचरे का बहाव कर दिए जाने के कारण पानी से उठ रही दुर्गंध जलजनित बीमारी की संभावना से भयभीत हैं। डोर टू डोर कचरा उठाव कार्य नहीं होने से जमा कचरा के दुर्गंध से लोग परेशान है।

# युवती की हत्या का संदिग्ध फरार आरोपी युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/चारामा

चारामा थानांतर्गत शरारपारा में 18 नवंबर को युवती लिपिका देवांगन का शव दीपचंद्र देवांगन के कमरे में मिला था। पुलिस ने प्रथम दृष्टया इस मामले को हत्या मान रही थी, वहीं उसी दिन से दीपचंद्र देवांगन फरार था। दोपहर बाद चारामा पुलिस को जानकारी मिली कि हत्या के मामले में संदिग्ध युवक दीपचंद देवांगन का शव दुर्ग जिला के रानातरई थाना के ग्राम कुरूमातरई में फांसी पर लटका हुआ है।

रानातरई पुलिस ने युवक के जेब में मिले समस्त दस्तावेज की फोटो चारामा पुलिस को भेजा है। शव का आज 21 नवंबर को पीएम होगा, उसके बाद ही शव परिजनों को मिलेगा। विदित हो कि वार्ड क्रमांक 2 पुराना नाका निवासी शैलेश देवांगन ने 18 नवंबर को पुलिस को बताया था कि उसकी छोटी बेटी 21 वर्षीय लिपिका देवांगन 17 नवंबर की शाम 4 बजें घर से अपने कपड़े को दर्जी के पास सुधारवाने के लिए निकली थी, जो देर रात तक घर नही आई। बेटी की तलाश आसपास पता किया, परंतु कहीं पता नहीं चला। अगले दिन 18 नवंबर की सुबह लगभग साढ़े 6 बजे उसका शव शरारपारा वार्ड क्रमांक 6 में श्रीराम देवांगन के घर अंदर कमरे में मृत अवस्था में पड़ा था।

जानकारी मिलते ही श्रीराम देवांगन के घर शरारपारा चारामा में जाकर देखा तो उसके बेटे दीपचंद देवांगन के कमरे के अंदर पलंग और दीवाल के बीच मेरी बेटी लिपिका देवांगन मृत हालत में पड़ी थी। दीपचंद देवांगन के द्वारा मेरी बेटी को मारकर अपने कमरे में छोड़कर चला गया है।

**विवेचना जारी, अभी तक कारण स्पष्ट नहीं**







### एटीएम कार्ड मिले

पुलिस फरार दीपचंद की तलाश 18 नवंबर से कर रही थी। चारामा पुलिस को 20 नवंबर को दोपहर बाद जानकारी मिली कि दीपचंद देवांगन ने दुर्ग जिला के रानीतरई थाना के ग्राम कुरूमातरई में एक पेड़ में फांसी पर लटककर जान दे दिया है। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दिया। मृतक के परिजन 21 नवंबर को घटनास्थल पर जाएंगे और उसके बाद पीएम होगा। पीएम के बाद दुर्ग पुलिस शव को परिजनों को सौपेगी। दुर्ग पुलिस ने युवक के जेब की तलाशी लिया, परंतु उसमें किसी भी तरह का सोसाईड पत्र नहीं मिला है, केवल एटीम कार्ड व अन्य कार्ड मिले है।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने ली वन अधिकार, वन सुरक्षा समितियों की बैठक

# प्रकृति के पुजारी आदिवासियों को जागरूक होने की है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वन अधिकार मान्यता समिति, वन सुरक्षा समिति, लघु वनोपज सहकारी समिति एवं पेसा के सदस्यों की बैठक राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने लेकर आयोग के क्रियाकलाप की जानकारी दी। इसके साथ ही उपस्थित सदस्यों से जनजातीय विकास, मांग व समस्याओं के संबंध में सुझाव आमंत्रित कर उनसे फीड बैक लिया गया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में 20 नवंबर को आयोजित बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों का जल, जंगल, जमीन से अटूट रिश्ता है। इसे सहजने तथा संरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने आगे कहा कि प्रकृति के पूजक जनजातीय आदिवासियों को उनके हित और सर्वांगीण विकास के लिए शासन द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर शासन की लोक हितकारी योजनाओं का लाभ जरूर लेना चाहिए। उन्होने पीएम मोदी की मंशानुसार आदिवासियों को वास्तविक लाभ दिलाने के लिए आयोग द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक पदाधिकारियों और समितियों के सदस्यों से प्रतिक्रिया ली जा रही है। सांसद भोजराज नाग ने विभिन्न समितियों के सदस्यों को संबोधित करते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लेने का आहवान करते हुए जनजातीय कल्याण हेतु संचालित कार्यक्रमों व अभियानों के प्रति जागरूक होने की अपील की।



विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि अनुसूचित जनजाति बाहुल्य कांकेर जिले के आदिवासियों को संकोच का त्याग कर अपने सुझाव व विचार निर्भीक होकर व्यक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र आदिवासी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए, किन्तु इसके लिए उन्हें स्वयं जागरूक होना होगा। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए सतत कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में उपस्थित विभिन्न समिति के सदस्यों ने आयोग के अध्यक्ष के समक्ष अपने सुझाव एवं मांगें रखीं। आयोजित बैठक में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी व अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



### छात्रावास व स्वास्थ्य शिविर का किया अवलोकन

बैठक के पश्चात राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने शासकीय कन्या आश्रम सिंगारभाट में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सिकलसेल एनीमिया जांच शिविर का निरीक्षण किया, इस दौरान सीएमएचओ डॉ. महेश उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से चर्चा कर शिक्षा के महत्व को बताते हुए उनके बेहतर भविष्य हेतु प्रेरित किया। छात्रावास में मिल रहे सुविधाओं के विषय में जानकारी ली तथा छात्रावास परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत फलदार पौधरोपण भी किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में 323 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया, आरोपी, जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में शिकायत के उपरांत चारामा पुलिस ने आरोपी मरकाटोला निवासी 23 वर्षीय चंद्रशेखर कोमरा पिता धनसिंह कोमरा को गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार 6 नवंबर को शिकायतकर्ता ने चारामा पुलिस को बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री 1 नवंबर को बिना बताए घर से चली गई, आसपास पतासाजी करने पर पता नहीं चला। शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपहरण करने का मामला दर्ज किया गया। चाराम पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नाबालिग की तलाश शुरू किया गया। पुलिस को मुखबिर से अपहत बालिका ग्राम मरकाटोला में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अपहत बालिका को चन्द्रशेखर कोमरा पिता धनसिंह कोमरा उम्र 23 निवासी मरकाटोला के घर से बरामद कर दस्तायाब किया गया। अपहता को थाना लाकर पूछताछ कर कथन लिया गया जिसने अपने कथन में बताया आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर 1 नवंबर को बुलाकर ग्राम बागोडार ले गया।

शादी का झांसा देते हुए मेरे साथ जबरदस्तीदुष्कर्म किया, उसके बाद मरकाटोला में आरोपी अपने घ्झर में रखे हुए था। पुलिस ने नाबालिग के बयान पर धारा 64, 64(2) (ड), 65(1) बीएनएस 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध घटित होना पाए जाने से प्रकरण में धारा 64,64 (2) (ड), 65(1) बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया। विवेचना के दौरान आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध धारा का घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को 19 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

# रासेयो शिविर में एचआईवी व एड्स के बारे में दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर ग्राम मयाना में आयोजित किया गया। शिविर में चतुर्थ दिवस पर प्रयोजना कार्य में गांव के समाजिक स्थलों पर सफाई एवं नारा लेखन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने अपनी सहभागिता दी। युवा थीम पर आयोजित शिविर में गांव के ऐतिहासिक स्थल मयाना डेम का स्वयंसेवको को भ्रमण कराया गया एवं इसकी विशेषताओं के बारे में अवगत कराया गया। ग्राम में सभी स्वयंसेवको द्वारा नशा मुक्ति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर रैली निकाला गया, जिसमें ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, पंचगण एवं गांव के उपसरपंच उपस्थित रहे। उद्बोधन की कड़ी में इसरत बेगम ने एचआईवी एवं एड्स के बारे मे जानकारी दी और साथ ही कई बीमारियों और एड्स होने पर एचआईवी जांच करने की प्रक्रिया का उल्लेख किया तथा स्वास्थ्य विभाग से आए अतिथियों द्वारा ब्लड ग्रुप और उनके प्रकार के बारे मे बताया गया तथा सभी स्वयंसेवको का एचबी जांच किया गया। द्वितीय सत्र बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि इशरत बेगम शासस्वा केंद्र भानुप्रतापपुर एचआईवी एड्स कॉउंसलर, सरोजनी तेलासी टीचर पूर्व मध्य. विद्यालय मयाना, संतोष नेवेन्द्र पंच ग्राम मयाना एवं स्वास्थ्य विभाग से घनानंद सिन्हा स्वास्थ्य विभाग लीलेझर, हेमलता सिन्हा स्वास्थ्य विभाग लिलेझर एवं हमारे एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पूजा सोनकर एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कढ़ईखोदरा शिविर हुआ स्थगित

**कांकेर।** जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम कढ़ईखोदरा में गुरूवार 21 नवम्बर को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। आगामी शिविर की सूचना पृथक से दी जाएगी।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के लिए विशेष शिविर में आवेदन जमा

**चारामा।** नगर पंचायत चारामा में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत नागरिकों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 19 नवंबर को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नगर पंचायत कार्यालय के सामने आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लेकर योजना के तहत अपने नवीन आवेदन जमा किए।



प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का शुभारंभ 15 नवंबर 2024 को किया गया था। योजना के तहत सभी पात्र नागरिकों को आवासीय सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, समस्त पार्षद, उप अभियंता हरिश कुमार ध्रुव और संतोष ओझा, सीएलटीसी के पुष्पेंद्र साहू और आवास सर्वेयर देवेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

नगरवासियों ने योजना का लाभ उठाने के लिए बड़ी उत्सुकता दिखाई। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने नागरिकों को योजना की जानकारी दी और उनके आवेदन प्रक्रिया में मदद की। यह शिविर नगर पंचायत की ओर से नागरिकों को आवास सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद को पक्का मकान उपलब्ध कराने का लक्ष्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

# मछलीपालन के लिए कांकेर जिला का बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ मछली बीज उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में छठवें स्थान पर हैं : मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ राज्य में मत्स्य पालन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। कांकेर जिले को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड के लिए चुना गया है। जिले को यह राष्ट्रीय अवॉर्ड 21 नवंबर को विश्व मात्स्यिकीय दिवस के अवसर पर मिलेगा। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह द्वारा नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित कार्यक्रम यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल एवं जॉर्ज कुरियन भी उपस्थित होंगे। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने भी इस उपलब्धि के लिए के जिले के मत्स्यपालकों और विभाग के अधिकारी को बधाई दी है। सहायक संचालक मछलीपालन ने बताया कि कांकेर जिला पूरे छत्तीसगढ़ में मछली पालन के क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान रखता है। जिले में वर्तमान में सर्वाधिक 32 मत्स्य बीज हैचरी संचालित ,है जिनमें 33402 लाख स्पॉन तथा 13139 लाख स्टेंडर्ड फाई मत्स्य बीज उत्पादन करते हुए छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार, झारखण्ड एवं उत्तरप्रदेश में निर्यात किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 30562 जल निकायों जलक्षेत्र 12137 हेक्टेयर में लगभग 15998 मत्स्य कृषकों के द्वारा सक्रिय रूप से मछली पालन का कार्य करते हुए कुल 84766 मेट्रिक टन मछली का उत्पादन किया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक है।

जिले के दुधावा जलाशय में 228 केज स्थापित है जिसमें 651 टन का अतिरिक्त मत्स्योपादन लिया जा रहा है। मछली पालन एवं संम्बद्ध गतिविधियों से जिले के कृषकों द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 500 करोड़ का व्यवसाय किया जा रहा है। उक्त पुरस्कार मिलने से कांकेर जिले के मत्स्य कृषकों का उत्साहवर्धन होगा एवं वे और अधिक उन्नत तरीके से मछली पालन का कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।



### सीएम ने दी शुभकामनाएं

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांकेर जिले को देश का बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड के लिए चयन होने पर प्रसन्नता जताई है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ लैंड लॉक प्रदेश होने के बावजूद भी मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है। मछली बीज उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में छठवें स्थान पर हैं। यह उपलब्धि प्रदेश के मत्स्य कृषकों की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। छत्तीसगढ़ मछली बीज उत्पादन के मामले में न सिर्फ पूरी तरह से आत्मनिर्भर है, बल्कि पड़ोसी राज्यों को भी मछली बीज निर्यात कर रहा है।



### जसनि शिविर में मिले 111 आवेदनों में से 92 निराकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत सिरसिदा में शिविर का आयोजन किया गया, जहां पर मांग के 110 आवेदन और 1 शिकायत मिला। इस प्रकार कुल 111 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें 92 आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 19 आवेदनों को संबंधित विभाग को समयावधि में किए जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष चारामा अरुण मरकाम, जनपद सदस्य मोतीलाल ठाकुर, लक्ष्मण नाग, सत्कार पटेल, सरपंच डोमेश्वरी, सिरसिदा हेमराज कुटारे, उप सरपंच जीएस कंवर सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज



स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
28 नवंबर 2024
09 दिसंबर 2024
16 दिसंबर 2025
10 जनवरी 2025
21 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511